कलर्स पर फिर रंग बिखेरेंगे राजन

छोटे पर्दे के जाने-माने प्रोड्यूसर राजन शाही एक बार फिर कलर्स चैनल पर एक नये सीरियल *हवन* के साथ आने को तैयार हैं. वैसे राजन शाही पहले भी इसके लिए *माता-पिता के चरणों में स्वर्ग* बना चुके हैं. इन दिनों कलर्स के प्रतिद्वंदी चैनल स्टार प्लस पर उनका सीरियल *ये रिश्ता क्या कहलाता है* सफलता के झंडे गाड़ रहा है. हमेशा न्यू कमर्स को मौका देने वाले राजन ने *हवन* में लीड रोल में चिर परिचित चेहरे शुभांगी अत्रे को साइन किया है. जब हमने राजन से इसकी वजह जानने की कोशिश की तो उनका कहना था, हर शो और कैरेक्टर की एक डिमांड होती है. सीरियल में शुभांगी का रोल काफी डिफिकल्ट है, उस फ्रेम में वही फिट बैठती हैं. सीरियल मुख्य रूप से ज्वांइट फैमिली के इंटर-पर्सनल रिलेशनशिप पर बेस्ड है. इसमें कुनाल वर्मा शुभांगी अत्रे के अपोजिट मेल लीड हैं. विश्वसनीय सूत्रों का कहना है कि इस सीरियल का नाम बदलकर आहुति भी किया जा सकता है.

■ प्रियवंदा रस्तोगी
metro7feature@gmail.com